कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली
ओल्ड सेंट स्टीफंस कॉलेज बिल्डिंग, कश्मीरी गेट,
नई दिल्ली - 110006

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

- **फर्जी खबरों से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), दिल्ली, श्रीमती आर. एलिस वाज़ ने 'मिथक बनाम तथ्य '(मिथ वर्सेस फैक्ट्स) रजिस्टर लॉन्च किया।**

- **यह पहल दिल्ली के मतदाताओं को फर्जी खबरों से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है": सीईओ श्रीमती आर. एलिस वाज़**

नई दिल्ली **15 जनवरी, 2025**

दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान गलत सूचना , दुष्प्रचार और फर्जी खबरों के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), दिल्ली, श्रीमती आर. एलिस वाज़ ने 'मिथक बनाम तथ्य '(मिथ वर्सेस फैक्ट्स) रजिस्टर लॉन्च किया है। इस पहल का उद्देश्य भारत में चुनावों से संबंधित सत्यापित जानकारी का एक विश्वसनीय संग्रह प्रदान कर, चुनावी प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा को सुरक्षित रखना है।

'मिथक बनाम तथ्य ' रजिस्टर, जो https://www.ceodelhi.gov.in/mythvsfacts.aspx पर उपलब्ध है, दिल्ली के मतदाताओं और मीडिया संगठनों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करेगा ताकि वे झूठे कथनों का विश्वास न करे और सही जानकारी तक पहुंच सुनिश्चित कर सकें। चुनावों के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर पोस्ट होने वाली किसी भी फर्जी खबर या भ्रामक जानकारी का गहन विश्लेषण , सत्यापन और खंडन इस पोर्टल पर किया जाएगा।

इस पहल के बारे में बताते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी , दिल्ली ने कहा "यह पहल दिल्ली के मतदाताओं को फर्जी खबरों के हानिकारक प्रभावों से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पारदर्शिता और सटीकता को बढ़ावा देकर , 'मिथक बनाम तथ्य' रजिस्टर नागरिकों को चुनावों के दौरान सही निर्णय लेने में सशक्त बनाता है।"

'मिथक बनाम तथ्य' रजिस्टर को नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा ताकि मतदाताओं को नवीनतम सत्यापित जानकारी प्राप्त हो सके। यह पहल न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करती है बल्कि मीडिया प्लेटफार्मों पर जिम्मेदार संचार को भी बढ़ावा देती है।

दिल्ली के मतदाताओं के लिए लाभ:

- चुनाव अवधि के दौरान फर्जी खबरों पर समय पर अपडेट।
- चुनाव से संबंधित गलत सूचना, दुष्प्रचार और फर्जी खबरों को सत्यापित करने के लिए एक विश्वसनीय मंच।

*****